# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 54/2024

## डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन (डी०एल०एड०) फेस–टू–फेस पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण सत्र 2023–25 में नियमानुसार वैध नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 28/2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि सत्र 2023–25 में नामांकित प्रशिक्षुओं का ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि **दिनांक 24.01.2024 से 06.02.2024 तक** निर्धारित की गई थी; परन्तु अभी भी अनेक संस्थानों के कतिपय नामांकित विद्यार्थियों के सत्र 2023–25 का सूचीकरण आवेदन पत्र/शुल्क समिति के पोर्टल के माध्यम से नहीं भरा गया है। यह ज्ञातव्य हो कि सूचीकरण आवेदन भरे जाने के पश्चात् शीघ्र ही अन्य प्रक्रियात्मक कार्रवाई करते हुए सूचीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र माह फरवरी, 2024 में ही भराया जाना है; ताकि ससमय परीक्षा आयोजन एवं परीक्षाफल प्रकाशन का कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

2. **उक्त के आलोक में छात्रहित में ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की अवधि दिनांक 13.02.2024 तक विस्तारित की जाती है।** सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि विस्तारित अवधि में शेष पात्र विद्यार्थियों का सूचीकरण आवेदन/शुल्क जमा किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

3. इस विस्तारित अवधि में जिन विद्यार्थियों का सूचीकरण आवेदन/शुल्क जमा नहीं होगा उन्हें सूचीकरण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा और ऐसे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पात्र नहीं होंगे। ऐसा होने पर यदि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यार्थी/संस्थान के प्राचार्य की होगी।

4. विज्ञप्ति संख्या– **पी0आर0 28/2024** के द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत रहेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner